ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-10-2026

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-10-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-10-10	2026-10-11	2026-10-12	2026-10-13	2026-10-14
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.2	36.5	37.1	37.9	38.5
न्यूनतम तापमान(से.)	24.1	24.1	24.0	24.2	24.5
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	51	57	53	49	48
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	17	23	19	16	15
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14.1	16.0	12.7	9.7	9.1
पवन दिशा (डिग्री)	212	211	215	228	214
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	1	0	0
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं

पूर्वानुमान सारांश:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 36.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24.0 से 25.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने के साथ मौसम साफ रहने की सम्भावना। हवा की गति 01-03 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

कोई चेतावनी नहीं

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

कोई नहीं

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की सम्भावान को देखते हुए, जिन किसान भाईयों नें बाजरा मूंग व मोठ की पकी हुई फसल की कटाई कर ली है, तो उन्हे अच्छी तरह धुप में सुखा कर थ्रेसिग करें।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि सरसों/राया की बुवाई तब तक बुवाई न करें जब तक दिन का तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड से कम न हों ।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की बुवाई का उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 01 से 25 अक्टूबर तथा असिंचित क्षेत्रों में 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर है अतः सरसों/राया की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें परन्तु जब तक दिन का तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड से कम न हों तब तक बुवाई न करें। बीज

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	को बुवाई से पूर्व मैन्कोजेब 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से तथा सफ़ेद रोली रोग की रोकथाम हेतू 06 ग्राम मेटालेक्सिन प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करने के बाद ही बुवाई करें।
रेपसीड	तारामीरा की बुवाई का उचित समय 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक है अतः खाली खेत में उचित नमी की अवस्था में तारामीरा की बुवाई हेतू बीज की व्यवस्था करें तथा उन्नत किस्म जैसे आर.टी.एम.-314 बुवाई के लिए उपयुक्त है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	वर्तमान मौसम की स्थिति बेर के पौधे में फल मक्खी कीट के हमले के लिए अनुकूल है। इसके नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30% ईसी @ 1.0 मिली या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल @ 0.3 मिली या मैलाथियान 50 ईसी @ 1 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग के फैलने की संभावना रहती है। रोग के लक्षण दिखाई देने पर पशुचिकित्सक से सम्पर्क करें।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

कोई नहीं

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

कोई नहीं

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details